# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण

## जनपद बलिया

दिनांक 20 अगस्त, 2015

### टीम सदस्य–

- डा0 राम रतन
  संयुक्त निदेषक, मुख्यालय,
  चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें
  स्वास्थ्य भवन, लखनऊ।

- डा0 पंकज सक्सेना
  उपमहाप्रबंधक, परिवार नियोजन
  राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई
  लखनऊ।

- डा0 हिमांशु आर्या
  परामर्शदाता, आयुष
  राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई
  लखनऊ।

- भूपेश कुमार भाष्कर
  कार्यक्रम समन्वय, कम्युनिटी प्रोसेस
  राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई
  लखनऊ।

### निरीक्षण इकाई–

- जिला महिला चिकित्सालय, बलिया

- जिला चिकित्सालय, बलिया

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिलकहर, बलिया

## जिला महिला चिकित्सालय, बलिया

- चिकित्सालय परिसर में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं थी।
- चिकित्सालय में RMNCH+A का 5x5 Matrix तथा EDL प्रर्दशित नहीं किया गया है।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों से सम्बन्धित प्रचार–प्रसार की सामग्री प्रर्दशित नहीं पायी गयी।
- चिकित्सालय में प्रोटोकाल पोस्टर नहीं पाया गया।
- लेबर रूम में न्यूबोर्न कार्नर में स्थापित रेडियन वार्मर क्रियाशील तो था परन्तु बाल रोग विशेषज्ञ के अतिरिक्त किसी अन्य कर्मचारी को संचालित करने की जानकारी नहीं थी।
- लेबर रूम तथा ओ0टी के अन्दर आलमारी रखी हुई थी जो कि मानक के अनुरूप सही नहीं था।
- पी0एन0सी0 वार्ड में एल0ई0डी0 टी0वी0 नहीं लगा था।
- वार्ड से लगा शौचालय बहुत ही खराब स्थिति में था।
- बायोवेस्ट मैनेजमेन्ट हेतु कलर कोडेट डस्टबिन उपलब्ध नहीं थे।
- अल्ट्रासाउण्ड मशीन उपलब्ध है लेकिन रेडियोलॉजिस्ट कार्यरत् नहीं है।
- रोगी कल्याण समिति से सम्बन्धित कोई भी दस्तावेज निरीक्षण हेतु उपलब्ध नहीं कराया गया।
- परिवार कल्याण परामर्शदात्री के द्वारा रिकार्ड बुक व्यवस्थित की जा रही है लेकिन वे अद्युनांत नहीं थी।
- परिवार कल्याण परामर्शदात्री द्वारा निर्धारित मानकों के विपरीत सफेद अप्रन धारण किया गया था।





28
परिवार कल्याण परामर्शदाता



DWH-G


# जिला चिकित्सालय, बलिया

- अस्पताल के परिसर में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं देखने को मिला।
- वार्ड साफ–सुथरा नहीं था।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों से सम्बन्धित प्रचार–प्रसार की सामग्री प्रर्दशित नहीं पायी गयी।
- चिकित्सालय में स्थापित ब्लड बैंक में यूनिवर्सल प्रीकाशन नहीं अपनाया गया था।
- ब्लड बैंक में वायरिंग जली हुई थी।
- सम्बन्धित अभिलेखों का निरीक्षण नहीं किया जा सका क्योंकि लिपिक किसी कार्य से बाहर गये हुए थे।










<u>प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिलकहर, बलिया</u>


- अस्पताल में स्थापित वार्ड में कोल्ड चेन कक्ष बनाया गया था तथा 108 से सम्बन्धित स्टॉफ निवास कर रहे थे।
- कोल्ड चेन से सम्बन्धित रिकार्ड 25 मार्च, 2015 से अद्युनांत नहीं किया जा रहा है।
- ओपेन वैक्सीन वायल पालिसी का पालन नहीं किया जा रहा था।
- अस्पताल के परिसर में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं देखने को मिला।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों से सम्बन्धित प्रचार–प्रसार की सामग्री कम प्रर्दशित थी।
- कोई भी अभिलेख व्यवस्थित नहीं था। जिस हेतु प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 हरिनन्दन प्रसाद को अवगत करा दिया गया।










डा0 पी0के0सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी किसी आवष्यक कार्य से मुख्यालय से बाहर थे जिस कारण आवष्यक फीड बैक नहीं दिया जा सका। उपरोक्त निरीक्षण के सम्बन्ध में आवष्यक फीड बैक डा0 के0डी0 प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोट करा दिया गया। डा0 के0डी0 प्रसाद पूरे दिन निरीक्षण के समय साथ रहे।